## सस्ते ट्रैप तैयार करने की विधी

- उपयोग की जा चुकीं एक लिटर क्षमता वाली प्लास्टिक की बोतल लें। बोतल के शीर्ष से 3 इंच नीचे चाकू की मदद से एक इंच आकार वाले तीन से चार सुराख बना लें।
- ट्रैप के अन्दर प्रलोभन चारे को लटका दें और उसे खेत में जमीन की सतह से कम से कम 3–4 फुट ऊँचाई पर रखें।



उपयोग की जा चुकीं प्लास्टिक की वॉटर बोतल से तैयार ट्रैप

## प्रलोभन चारे का उपयोग अथवा सिफारिश

- प्रति हेक्टेयर लगभग 10–12 प्रलोभन चारा उपयोग करने की सिफारिश की जाती है।
- फिरोमॉन ट्रैप को फूल आने से लेकर फसल की कटाई करने तक खेत में रखा जाना चाहिए।
- प्रलोभन चारे को 30–40 दिनों में एक बार बदलना जरूरी है।
- ट्रैप की 15 दिनों के अन्तराल पर सर्विसिंग करनी चाहिए।

## फिरोमॉन प्रौद्योगिकी को प्रचलित करना

भाकृअनुप – केन्द्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान (ICAR - CCARI) द्वारा नाबार्ड के सहयोग से गोवा राज्य के विभिन्न भागों में खीरावर्गीय फसलों में खीरावर्गीय फल मक्खी की रोकथाम के लिए फिरोमॉन ट्रैप के उपयोग पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं क्षेत्र प्रदर्शन आयोजित किए गए। इस परियोजना में, किसानों को ट्रैप रखने, उसकी सर्विस करने, चारे अथवा प्रलोभन को बदलने और अन्य एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन तकनीकों के बारे में अनुभवजन्य प्रशिक्षण दिये गये। इसके अलावा, किसानों को ट्रैप अथवा जाल की आपूर्ति भी की गई।









प्रलोभन चारा फिरोमॉन ट्रैप के उपयोग पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन







किसानों को प्रलोभन चारा फिरोमॉन ट्रैप का वितरण

## प्रतिपुष्टि

किसानों से मिली प्रतिपुष्टि से पाया गया कि फिरोमॉन प्रौद्योगिकी खीरावर्गीय फसलों में फल मक्खी की रोकथाम करने में अत्यधिक प्रभावी है और इस प्रौद्योगिकी को अपनाना भी आसान है।


## साभार

इस परियोजना ''प्रशिक्षणों एवं प्रदर्शनों के माध्यम से फिरोमॉन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण कीट नाशीजीवों का प्रबंधन'' (NB. Goa/1160/ FSDD/ICAR/2016-17/FSPF) के लिए नाबार्ड से मिली वित्तीय सहायता के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

NABARD



सामग्री निरूपण

डॉ. मरूथादुरई आर.

एवं

डॉ. आर. रमेश

हिन्दी संपादन

डॉ. एम. जे. गुप्ता



द्वारा प्रकाशित

डॉ. ई.बी. चाकुरकर

निदेशक,

भाकृअनुप–केन्द्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान

(ICAR - CCARI)

अधिक विवरण के लिए कृपया सम्पर्क करें

निदेशक

फोन : 0832 2284677 / 78 / 79 (कार्यालय)

फैक्स : 0832 2285649

ई मेल : director.ccari@icar.gov.in

वेबसाइट : www.ccari.res.in



प्रसार फोल्डर संख्या – 96 / 2019


# खीरावर्गीय फल मक्खी बैक्ट्रोसिरा कुकुर्विटी की रोकथाम के लिए फिरोमॉन प्रौद्योगिकी




भाकृअनुप–केन्द्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान

(ICAR - CCARI)

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)

ओल्ड गोवा, उत्तरी गोवा – 403 402, गोवा

Follow us on twitter | Find us on Facebook